भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
INDIAN COUNCIL OF AGRICULTURAL RESEARCH
कृषि भवन, डॉ0 राजेन्द्र प्रसाद मार्ग, नई दिल्ली–110 001
Krishi Bhawan, Dr. Rajendra Prasad Road, New Delhi 110 001

फा.सं. 6(2)/2020-हिन्दी

दिनांक : 17 नवंबर, 2020

सेवा में,

भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के अधीनस्थ सभी
संस्थानों/केन्द्रों/ब्यूरो के निदेशक (वेबसाइट के माध्यम से)

**विषय : मैनुअल, संहिताओं और अन्य असांविधिक प्रक्रिया साहित्य तथा प्रशिक्षण सामग्री के अनुवाद के संबंध में।**

महोदय,

केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो (राजभाषा विभाग), गृह मंत्रालय, नई दिल्ली ने पत्र सं. 6-11/2005-अनु./642 दिनांक 4.9.2020 (प्रति संलग्न) के माध्यम से अवगत कराया है कि हिन्दी अनुवाद के लिए शेष बचे कोड, मैनुअल, फार्मों और प्रशिक्षण संबंधी सामग्री की हार्ड कापी/साफ्ट कापी ब्यूरो को प्रस्तुत की जाएं ताकि इनका हिन्दी अनुवाद कार्य किया जा सके।

अतः अनुरोध है कि केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली से सीधे सम्पर्क करते हुए अपने कार्यालय के उक्त संबंधित दस्तावेजों का हिन्दी अनुवाद कार्य शीघ्र पूरा करवाने का कष्ट करें। केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो, नई दिल्ली का पता तथा ई-मेल संलग्न पत्र में दिया गया है।

संलग्न : उपरोक्तानुसार

भवदीया

सीमा चोपड़ा 17.11.20

(सीमा चोपड़ा)
निदेशक (रा.भा)

फा. सं. 6-11/2005-अनु. / 642

भारत सरकार

Government of India

केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो

CENTRAL TRANSLATION BUREAU

राजभाषा विभाग: गृह मंत्रालय

Deptt. of Official Language: Ministry of Home Affairs

------

पं. दीनदयाल अंत्योदय भवन, 8वां तल, लोदी रोड
Pt. DeenDayal Antyodaya Bhawan, 8th Floor, Lodhi Road
केंद्रीय कार्यालय परिसर, नई दिल्ली-110003
C.G.O. complex, New Delhi – 110003
दिनांक : 04 सितंबर, 2020

5109991/2020 - हिंदी
11/11/2020

सेवा में,

91. [illegible]
उप-निदेशक(हिंदी पत्रिका),
भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद
कृषि भवन, नई दिल्ली-110001.

विषय: मैनुअल, संहिताओं और अन्य असांविधिक प्रक्रिया साहित्य तथा प्रशिक्षण सामग्री के अनुवाद के संबंध में |

महोदय/महोदया,

संसदीय राजभाषा समिति द्वारा की गई सिफारिशों के अनुपालन में भारत सरकार के सभी विभागों, कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों आदि से यह अपेक्षा की गई है कि वे अपने कार्यालय के सभी कोडों, मैनुअलों, फार्मों और प्रशिक्षण संबंधी सामग्री का अनुवाद तत्काल पूरा करवाने की व्यवस्था करें | राजभाषा विभाग के अंतर्गत केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो की स्थापना इसी प्रकार की सामग्री के अनुवाद के लिए की गई है, ताकि शब्दावली आदि में एकरुपता और सरलता सुनिश्चित की जा सके |

2. संसदीय राजभाषा समिति की अपेक्षाओं और राजभाषा के प्रभावी कार्यान्वियन के लिए सभी कार्यालयों के लिए यह अत्यंत आवश्यक है कि वे उक्त सामग्री के अनुवाद को शीघ्रातिशीघ्र पूरा करवाएं | राजभाषा विभाग सम्मिलित प्रयासों, परस्पर सहयोग तथा समन्वित कार्यक्रम के जरिए यह सुनिश्चित करने का प्रयास कर रहा है कि भारत सरकार के कार्यालयों में उपलब्ध उपर्युक्त प्रकार की अनुवाद के लिए शेष सामग्री का अनुवाद शीघ्र पूरा किया जा सके |

अत: आपसे अनुरोध है कि अपने कार्यालय के अनुवाद के लिए शेष सभी मैनुअलों, कोडों तथा अन्य असांविधिक प्रक्रिया साहित्य की हार्ड कॉपी/सॉफ्टकॉपी ब्यूरो को यथाशीघ्र भिजवाना सुनिश्चित करें | हमारा ई-मेल पता हैं : - anuvadanubhag@gmail.com |

भवदीय,

(विनोद कुमार संदलेश)
संयुक्त निदेशक